**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**10.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज हमीरपुर जिला के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे नादौन में सब्जी मंडी के समीप नवनिर्मित उप–अग्निशमन केन्द्र का लोकार्पण करेंगे। कल 11 जनवरी को भी सेरा में जनसमस्याओं की सुनवाई के बाद हड़ेटा में आर्थिक विकास व आजीविका सृजन परियोजना 'नवजीवन' की आधारशिला रखेंगे और सेरा में जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगे।

**समारोह**

ऊना जिले के हरोली उपमंडल में आज राज्य स्तरीय जल जागरूकता समारोह का आयोजन किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री इस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने को समर्पित यह आयोजन हरोली उपमंडल के कांगड़ मैदान में आरंभ होगा। समारोह में प्रदेश में बीते साल आई भारी प्राकृतिक आपदा के दौरान जल शक्ति विभाग के कार्यों पर आधारित एक विशेष डॉक्यूमेंट्री भी प्रस्तुत की जाएगी।

**आकांक्षी**

आकांक्षी ज़िला चंबा में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोगों को घर उपलब्ध करवाने के लिए नया सर्वेक्षण शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से चंबा ज़िला में अब तक 20 हजार से अधिक लोगों को आवास उपलब्ध करवाए गए हैं। चंबा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि योजना के तहत बेघर परिवारों को आवास उपलब्ध करवाने के लिए विशेष प्राथमिकता दी जाएगी।

**महाकुंभ**

महाकुंभ के लिए आकाशवाणी के विशेष चैनल कुंभवाणी का आज प्रयागराज में शुभारंभ किया गया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चैनल का शुभारंभ किया। सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन कार्यक्रम से वर्चुअली शामिल हुए। कुंभवाणी पर आज से 26 फरवरी तक महाकुंभ की हर गतिविधि पर आधारित कई कार्यक्रम सुबह पांच बजकर, 55 मिनट से रात 10 बजकर, 5 मिनट तक प्रसारित किए जाएंगे। कुंभवाणी चैनल पर अमृत स्नान का आंखों देखा हाल सुनाया जाएगा।

**मौसम**

प्रदेश के अधिकांश भागों में मौसम आमतौर पर साफ बना हुआ है और दिन की शुरूआत खिली धूप से हुई है। हालांकि मैदानी क्षेत्रों बिलासपुर, हमीरपुर, मंडी और ऊना में कुछ स्थानों पर लोगों को घने कोहरे के साथ कड़ाके की शीतलहर का सामना करना पड़ रहा है। उना जिले में घने कोहरे के कारण सड़क व रेल यातायात पर भी असर पड़ रहा है। और अधिक ब्यौरे के साथ हमारे उना जिला संवाददाता राजेश शर्मा–––

उधर, अटल टनल रोहतांग सभी प्रकार के वाहनों के लिए बहाल कर दी गई है। अब फोर बाई फोर वाहन धुंधी व सिसु की तरफ जा सकते हैं और सामान्य वाहन सुबह 10 बजे से 2 बजे तक ही अटल टनल पार

कर सकते हैं जबकि दोपहिया वाहनों को सिर्फ सोलांगनाला तक की जाने की छूट है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आज प्रदेश में मौसम के साफ बने रहने की संभावना जताई है। विभाग ने 11 व 12 जनवरी को प्रदेश के कुछ स्थानों पर बर्फबारी व बारिश का पूर्वानुमान जताया है।

**विकसित भारत–संवाद**

विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2025 आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू होगा। युवा मामले और खेल मंत्रालय ने कहा कि तीन दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को विकसित भारत के लिए नवीन समाधान पेश करने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करना है। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में भाग लेने के लिए कुल तीन हजार गतिशील और प्रेरित युवाओं का चयन किया गया है। प्रतिभागी दस विषयों पर केंद्रित विषयगत प्रस्तुतियों और प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। हिमाचल के दस जिलों से चयनित 39 विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं। इसमें 20 छात्राएं और 19 छात्र शामिल हैं।

**बैठक**

सोलन में कल पंचायती राज संस्थाओं व शहरी निकायों के आयोजित होने वाले सामान्य निर्वाचन के सम्बन्ध में राज्य निर्वाचन आयुक्त अनिल कुमार खाची की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान खाची कहा कि आयोग ने व्यवस्थित निर्वाचन के दृष्टिगत एक नवीन इनवेंटरी मैनेजमेंट ऐपलीकेशन तैयार की है। उन्होंने कहा कि इसके तहत क्यू आर कोड से स्कैन कर मतपेटियां मतदान दलों को दी जानी प्रस्तावित हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन से सम्बन्धित सम्पूर्ण सामग्री को भी इसी ऐपलीकेशन के माध्यम से वितरित किया जाएगा। खाची ने ज़िला दण्डाधिकारी को पंचायती राज संस्थाओं के पुनर्गठन के उपरांत वार्डों के निधारण एवं आरक्षण का कार्य 30 जून तक पूरा करने के निर्देश भी दिए।

**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते है दोपहर 3 बजे।** नमस्कार।